# ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को बढ़ाती है शांभवी मुद्रा



भागदौड भरी जिंदगी में तनाव बढ़ना और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं आम होती जा रही हैं। ऐसे में योग की ओर लोगों का रुझान बढ़ता जा रहा है। योग की 'शांभवी मुद्रा' एक सरल और प्रभावी उपाय के रूप में सामने आई है। यह मुद्रा न केवल मन को शांत करती है बल्कि ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को भी बढ़ाती है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, शांभवी मुद्रा एक प्राचीन योगिक तकनीक है, जिसमें साधक अपनी आंखों की पुतलियों को भौंहों के बीच स्थित केंद्र पर स्थिर करने का प्रयास करता है। इस स्थान को योग में 'तीसरा नेत्र' भी कहा जाता है। इस अभ्यास का उद्देश्य मन को एकाग्र करना और आंतरिक शांति प्राप्त करना होता है। नियमित अभ्यास से मानसिक स्पष्टता बढ़ती है और व्यक्ति अपने विचारों पर बेहतर नियंत्रण कर पाता है। मान्यता है कि इस मुद्रा के अभ्यास से शरीर में ऊर्जा का प्रवाह संतुलित रहता है, जो मूलाधार चक्र से ऊपर उठकर आज्ञा चक्र तक पहुंचता है। यह प्रक्रिया शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित करने में सहायक मानी जाती है। इसके अलावा, शांभवी मुद्रा तनाव हार्मोन कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में मदद करती है और मस्तिष्क स्वास्थ्य से जुड़े एक महत्वपूर्ण तत्व बीडीएनएफ को बढ़ावा देती है, जिससे मानसिक क्षमता और स्मरण शक्ति में सुधार होता है। इस मुद्रा को करना काफी सरल है। इसे करने के लिए किसी शांत स्थान पर सुखासन, सिद्धासन या कुर्सी पर सीधी पीठ के साथ बैठें।

हाथों को घुटनों पर ज्ञान मुद्रा में रखें, जिसमें अंगूठा और तर्जनी उंगली आपस में मिलती हैं। आंखें खुली रखते हुए दृष्टि को भौंहों के बीच केंद्रित करें और सांस को सामान्य बनाए रखें। इस दौरान मन को भटकने न दें और धीरे-धीरे ध्यान बनाए रखने का प्रयास करें। शुरुआत में इसे प्रतिदिन 5 से 10 मिनट तक किया जा सकता है, जिसे धीरे-धीरे बढ़ाकर 20 से 21 मिनट तक किया जा सकता है। हालांकि, शुरुआत में अभ्यास धीरे और सावधानी से करना चाहिए। यदि आंखों में तनाव महसूस हो तो अभ्यास रोक देना चाहिए।

**गर्मियों में शरीर को ठंडक प्रदान करती है ककड़ी**

गर्मी के मौसम में ककडी न केवल शरीर को ठंडक प्रदान करती है, बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी देती है। ककड़ी में 95 प्रतिशत से अधिक पानी होता है, जो शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी इसके नियमित सेवन की सलाह देते हैं, ताकि शरीर को अंदर से ठंडक मिले और गर्मी से जुड़ी समस्याओं से बचाव हो सके। ककड़ी शरीर में पानी की कमी को दूर करने में अहम भूमिका निभाती है। गर्मियों में अत्यधिक पसीना आने से शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है, जिसे ककड़ी के सेवन से काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इसमें मौजूद पानी, इलेक्ट्रोलाइट्स और आवश्यक खनिज शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं और पूरे दिन सक्रिय बनाए रखते हैं। यह शरीर के तापमान को संतुलित रखने में भी मदद करती है, जिससे लू लगने का खतरा कम हो जाता है। ककड़ी को सलाद, रायता या जूस के रूप में आसानी से आहार में शामिल किया जा सकता है। वजन घटाने के इच्छुक लोगों के लिए भी ककड़ी एक बेहतर विकल्प है। इसमें कैलोरी बहुत कम होती है और फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराती है और अनावश्यक भोजन की इच्छा को कम करती है। इसके अलावा, ककड़ी पाचन तंत्र को सुधारने में भी सहायक है। इसमें मौजूद फाइबर कब्ज की समस्या को दूर करता है और गैस व ब्लोटिंग जैसी परेशानियों से राहत दिलाता है। नियमित सेवन से पाचन प्रणाली बेहतर बनी रहती है। त्वचा के लिए भी ककड़ी काफी फायदेमंद मानी जाती है। इसमें मौजूद पानी और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को नमी प्रदान करते हैं और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। गर्मियों में चेहरे पर ककड़ी के टुकड़े लगाने से ठंडक मिलती है और सनबर्न से राहत मिलती है। यह त्वचा को साफ, ताजा और चमकदार बनाए रखने में सहायक होती है। इसके अतिरिक्त, ककड़ी का सेवन रक्तचाप को नियंत्रित रखने, हड्डियों को मजबूत करने, आंखों की थकान कम करने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में भी मदद करता है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, इसे रोजाना आहार में शामिल करना लाभकारी होता है। ककड़ी का जूस, सलाद में टमाटर, प्याज और नींबू के साथ सेवन या दही के साथ रायता बनाकर खाना अच्छा विकल्प है। इसे सैंडविच या रोल्स में भी उपयोग किया जा सकता है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि गर्मियों में प्रतिदिन कम से कम एक ककड़ी का सेवन अवश्य करना चाहिए। इसे अच्छी तरह धोकर, छीलकर या बिना छीले भी खाया जा सकता है।

# रात में भूलकर भी न खाएं ये फूडस, वरना पड़ेगा पछताना

अधिकतर घरों में अगर दिन में चावल बने हैं और वह बच गए हैं तो लोग रात में भी उसे खा लेते हैं। लेकिन रात में व्हाइट राइस खाना अच्छा नहीं माना जाता है। दरअसल, इसमें कार्ब्स ज्यादा होते हैं, जो फैट में जल्दी बदलते हैं। साथ ही साथ, इससे ब्लड शुगर भी स्पाइक हो सकता है। चावल खाने के कुछ देर बाद ही आपको फिर से भूख लग सकती है। खाना शरीर का ईंधन है और इसलिए स्वस्थ रहने के लिए सही भोजन करना बेहद जरूरी है। अक्सर लोग अपनी सेहत का ध्यान रखते हुए घर का खाना ही पसंद करते हैं। लेकिन आप किस समय क्या खा रहे हैं, यह बहुत अधिक मायने रखना है। खासतौर से, रात का खाना आपकी नींद, वजन और पाचन पर सीधा असर डालता है। इसलिए, रात का खाना बेहद सोच-समझकर चुनना चाहिए। हालांकि, अक्सर यह देखने में आता है कि लोग दिन का बचा हुआ खाना ही रात में खा लेते हैं। इससे भले ही उनका पेट भर जाए, लेकिन कहीं ना कहीं सेहत को काफी नुकसान होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ इंडियन फूड्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको रात में खाने से बचना चाहिए-अनाज और पास्ता



चावल -अधिकतर घरों में अगर दिन में चावल बने हैं और वह बच गए हैं तो लोग रात में भी उसे खा लेते हैं। लेकिन रात में व्हाइट राइस खाना अच्छा नहीं माना जाता है। दरअसल, इसमें कार्ब्स ज्यादा होते हैं, जो फैट में जल्दी बदलते हैं। साथ ही साथ, इससे ब्लड शुगर भी स्पाइक हो सकता है। चावल खाने के कुछ देर बाद ही आपको फिर से भूख लग सकती है। इसलिए, अगर आपको चावल खाना ही है तो ब्राउन राइस खाएं या फिर चावलों को कम मात्रा में लें।

दही -रात के समय दही खाने से भी बचना चाहिए। बहुत से लोगों को रात में दही खाने या फिर फ्रिज की रखी हुई दही खाने से बलगम या सर्दी-खांसी की समस्या हो सकती है। इसके अलावा, कभी-कभी इससे डाइजेशन की समस्या भी हो सकती है।

फ्राइड फूड -भले ही आपको फ्राइड फूड खाना कितना भी पसंद हो, लेकिन रात में फ्राइड फूड खाने से बचना चाहिए। रात के समय अगर आप समोसा या पकौड़ा खाएंगे तो इससे आपकी नींद खराब होगी। यह बहुत ही हैवी और ऑयली होते हैं, जिससे डाइजेशन की समस्या हो सकती है। साथ ही, इससे आपका वजन भी बढ़ सकता है।

मीठा -अगर आपको डिनर के बाद मीठा खाने की आदत है तो इसे आज ही बदल दीजिए। मीठा खाने से एकदम से शुगर स्पाइक होता है, जिससे फैट स्टोरेज बढ़ता है। साथ ही, इससे आपकी क्रेविंग्स भी बढ़ सकती है। खासतौर से, अगर आपको हार्मोनल असंतुलन की समस्या है तो यह आपके लिए और भी ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है।

# वजन कम करने के लिए खाना छोड़ना सही उपाय नहीं: विशेषज्ञ

कुछ लोग बार-बार भूख लगने की आदत के कारण दिनभर कुछ न कुछ खाते रहते हैं, जिससे वजन लगातार बढ़ता जाता है। मोटापे के कारण शरीर मधुमेह, रक्तचाप और कमजोरी जैसी समस्याओं का शिकार हो जाता है। ऐसे में सही खान-पान और संतुलित आहार अपनाना बेहद जरूरी हो जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार वजन कम करने के लिए खाना छोड़ना सही उपाय नहीं है, बल्कि सही और पोषक भोजन का चयन करना अधिक प्रभावी होता है। प्रोटीन और फाइबर से भरपूर सलाद इस दिशा में एक बेहतर विकल्प साबित हो सकती है, जो भूख को नियंत्रित करने के साथ-साथ शरीर को आवश्यक पोषण भी प्रदान करती है। सुबह के नाश्ते में फलों की सलाद एक अच्छा विकल्प मानी जाती है। पपीता, तरबूज और खरबूज जैसे फलों को शामिल करके हल्की और पोषक सलाद तैयार की जा सकती है। एक ही प्रकार के गुणों वाले फलों को मिलाकर सेवन करना बेहतर माना जाता है। इसके साथ अंजीर और विभिन्न सीड्स को भी शामिल किया जा सकता है, जिससे स्वाद बढ़ने के साथ-साथ शरीर को अतिरिक्त पोषण मिलता है। इस प्रकार की सलाद शरीर को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स करने में भी मदद करती है। यदि सुबह फल खाना पसंद न हो तो हाई प्रोटीन सलाद का विकल्प चुना जा सकता है। इसके लिए अंकुरित दाल या चने के साथ टमाटर, प्याज और नींबू मिलाकर सलाद तैयार की जा सकती है। इससे शरीर को प्रोटीन और ऊर्जा दोनों प्राप्त होती हैं। हालांकि ध्यान रखना चाहिए कि अंकुरित दाल या चने को कच्चा खाने के बजाय हल्का उबाल लेना चाहिए, क्योंकि कच्चे रूप में सेवन करने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। दोपहर के भोजन से पहले खीरा, टमाटर, चुकंदर और गाजर की सलाद का सेवन करना लाभकारी होता है। यह सलाद फाइबर और विटामिन से भरपूर होती है, जो न केवल भूख को नियंत्रित करती है बल्कि शरीर को आवश्यक पोषण भी प्रदान करती है। इसे भोजन से लगभग आधा घंटा पहले लेने से पाचन बेहतर होता है और भोजन की मात्रा भी संतुलित रहती है। रात के समय हल्के भोजन के रूप में ग्रीन सलाद का सेवन किया जा सकता है। इसमें शिमला मिर्च, पालक और उबले हुए चने शामिल किए जा सकते हैं। पालक और अन्य हरी सब्जियों को अच्छी तरह धोकर और हल्का उबालकर ही सेवन करना चाहिए।



# बदलती जीवनशैली बच्चों में बढ़ा रहा हार्टअटैक का खतरा



किशोरों और युवाओं में भी हार्ट अटैक और इससे होने वाली मौतों की खबरें लगातार सुनने को मिलती हैं। ऐसे में लोगों के मन में एक सवाल भी रहता है कि क्या 10 साल से कम उम्र के बच्चों को भी हार्ट अटैक का जोखिम हो सकता है।

दुनियाभर में दिल की बीमारियां स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम बनी हुई है। बीते एक दशक का आंकड़ा उठाकर देखा जाए, तो न सिर्फ इन बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ा है, बल्कि कम उम्र वाले लोग भी तेजी से इसका शिकार होते जा रहे हैं। किशोरों और युवाओं में भी हार्ट अटैक और इससे होने वाली मौतों की खबरें लगातार सुनने को मिलती हैं। ऐसे में लोगों के मन में एक सवाल यह भी रहता है कि क्या बच्चे भी इसका शिकार हो सकते हैं। क्या 10 साल से कम उम्र के बच्चों को भी हार्ट अटैक का जोखिम हो सकता है। कुछ समय पहले तक हाई कोलेस्ट्रॉल, बढ़ती उम्र या लंबे समय तक चलने वाली बीमारियों को हार्ट अटैक का प्रमुख कारण माना जाता है। लेकिन अध्ययनों से यह पता चलता है कि खानपान, बदलती लाइफस्टाइल और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं कम उम्र में दिल को कमजोर बना रही हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या मासूम बच्चे इन बीमारियों से सुरक्षित हैं या फिर उनमें भी हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है।

**कम उम्र वालों में हार्ट अटैक**

हृदय रोग एक्सपर्ट की मानें, तो 20 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़ रहे हैं। इसके लिए असंतुलित खानपान और गड़बड़ लाइफस्टाइल एक बड़ा कारण है। ज्यादा नमक, प्रोसेस्ड फूड, ट्रांस फैट और चीनी से भरपूर डाइट धमनियों में फैट जमा करता है। जिस कारण ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है और हार्ट अटैक हो सकता है।

वहीं व्यायाम न करना, ऑफिस में लंबे समय तक बैठे रहना, हाई बीपी, बढ़ता मोटापा और इंसुलिन रेजिस्टेंस जैसी स्थितियों ने हार्ट अटैक के जोखिम को कई गुना तक बढ़ा देता है।

लंबे समय तक स्ट्रेस की वजह से शरीर में कॉर्टिसोल हार्मोन बढ़ जाता है, जिससे हाई बीपी और हार्ट अटैक हो सकता है।

**10 साल से कम उम्र के बच्चों में हार्ट अटैक का जोखिम**

आमतौर पर 1 से 3 साल तक के बच्चों में हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। इस तरह के मामले काफी ज्यादा दुर्लभ माने जाते हैं। यह उम्र चलने-फिरने और दौड़ने वाला होता है। लाइफस्टाइल में गड़बड़ी की वजह से टॉडलर या प्री-स्कूलर बच्चों में हार्ट अटैक होना दुर्लभ है। हालांकि कुछ बच्चों में हार्ट की खराबी, आनुवांशिक हार्ट और जन्मजात हृदय रोग से संबंधित समस्याओं या कावासाकी बीमारी जैसी दुर्लभ बीमारियों की वजह से दिल संबंधित रोगों और जटिलताओं का खतरा हो सकता है।ऐसे बच्चों में बहुत ज्यादा थकान, तेजी से सांस लेने, चिड़चिड़ापन और दिल की धड़कनों के अनियमित रहने का जोखिम हो सकता है। वहीं कुछ स्थितियों में गंभीर रूप लेने वाली हो सकती है।

**बच्चों में इस खतरे को ऐसे पहचानें**--एक्सपर्ट के मुताबिक वयस्कों में हार्ट अटैक से उलट बच्चों को लाइफस्टाइल के कारण से हार्ट अटैक का जोखिम बहुत कम या न के बराबर होता है। जन्मजात दिल की बीमारी या फिर कावासाकी जैसे रोग ब्लड वेसल पर असर डाल सकती है। जिसकी वजह से दिल तक ब्लड सर्कुलेशन बाधित हो जाता है। ऐसे में अगर आपके बच्चे में जन्मजात दिल की बीमारी है, तो कुछ लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। बच्चों के चलने-दौड़ने, सीने में दर्द या मेहनत के दौरान दर्द होना चेतावनी हो सकता है।

बिना किसी वजह के बेहोशी और अचानक गिर जाना भी दिल की बीमारियों का संकेत है।

सांस लेने में तकलीफ होने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए। दिल की धड़कन अनियमित या तेज रहना हार्ट की समस्या हो सकती है।

बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बच्चों में बढ़ती दिल की बीमारियों के लिए हाई बीपी को एक बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है।

# होम्योपैथी: मीठी गोलियों में छिपा आरोग्य का महासागर

**दिलीप कुमार पाठक**



आज के दौर में जब हम सुबह उठते हैं, तो हमारा सामना प्रदूषण, मिलावट और तनाव से होता है। ऐसे में बीमारियां हमारे जीवन का हिस्सा बन गई हैं। आज दुनिया में चिकित्सा की कई पद्धतियां हैं, लेकिन डब्ल्यूएचओ के कुछ आंकड़े हमें चौंकाते हैं। आंकड़ों के मुताबिक, होम्योपैथी आज दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा पद्धति बन चुकी है। पूरी दुनिया में इसकी लोकप्रियता हर साल करीब 20 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रही है। अकेले हमारे देश भारत की बात करें, तो यहाँ लगभग 10 करोड़ से ज्यादा लोग अपनी छोटी-बड़ी बीमारियों के लिए पूरी तरह होम्योपैथी पर भरोसा करते हैं। यह भरोसा यूँ ही नहीं बना है, इसके पीछे इस पद्धति की सादगी और बिना किसी नुकसान के ठीक करने की ताकत छिपी है। अक्सर शरीर के अनजाने रोगों के लिए लोग सालों-साल इलाज कराते हैं। लाखों रुपए अस्पतालों और जांचों में खर्च कर देते हैं परिणाम के नाम सिर्फ चंद घंटों की राहत मिलती है। ऐसे में होम्योपैथी सस्ता और पक्का विकल्प बनकर सामने आती है। आयुष मंत्रालय की मानें तो होम्योपैथी का इलाज अन्य पद्धतियों के मुकाबले काफी किफायती है, जो भारत के हर आम और गरीब आदमी की पहुँच में है। लेकिन इसका सस्ता होना इसकी कमजोरी नहीं, बल्कि इसकी खूबी है। यह शरीर को रसायनों की भट्टी बनाने के बजाय उसे अंदर से मजबूत बनाने का काम करती है।

होम्योपैथी के बारे में एक बात बहुत मशहूर है कि यह असर दिखाने में बहुत वक्त लेती है। लोग अक्सर कहते हैं कि यह बहुत धीमी है। लेकिन हकीकत यह है कि यह धीमी नहीं बल्कि गहरी है। जब कोई बीमारी पुरानी हो जाती है, तो वह शरीर की जड़ों में बैठ जाती है। उस जड़ तक पहुँचने में दवा को थोड़ा समय तो लगता ही है। कई बार ऐसा देखा गया है कि इलाज शुरू करने के पहले पंद्रह दिनों तक मरीज को कोई खास फर्क महसूस नहीं होता। मरीज को लगता है कि शायद ये गोलियां काम नहीं कर रही हैं। लेकिन असल में वह पंद्रह दिन का समय शरीर के अंदर की सफाई और मरम्मत का होता है। जैसे ही वह आधार तैयार होता है, पंद्रह दिन बाद अचानक बीमारी ऐसे गायब होने लगती है जैसे कभी थी ही नहीं। आजकल एंटीबायोटिक दवाओं का असर कम होना एक बड़ी वैश्विक चिंता बन गया है। ऐसे में होम्योपैथी एक सुरक्षा कवच की तरह काम करती है। नेशनल सैंपल सर्वे के आंकड़े बताते हैं कि भारत में लगभग 30 प्रतिशत लोग अब पुरानी बीमारियों के लिए सबसे पहले होम्योपैथी का चुनाव कर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि इन दवाओं का लीवर, किडनी या पेट पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता। यही वजह है कि आज कई बड़े एलोपैथी डॉक्टर भी दबी जुबान में मानने लगे हैं कि जहाँ आधुनिक विज्ञान की सीमाएं खत्म होती हैं, वहाँ होम्योपैथी का अनुभव और असर कमाल कर जाता है।



प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व होम्योपैथी दिवस दरअसल इस पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है। उन्होंने दुनिया को सिखाया कि मरीज का इलाज करते समय केवल उसके अंगों को नहीं, बल्कि उसके पूरे व्यक्तित्व को देखना चाहिए। होम्योपैथी में दवा देते समय डॉक्टर केवल आपकी बीमारी नहीं पूछते, बल्कि आपकी पसंद-नापसंद और आपके स्वभाव को भी समझते है। क्योंकि विज्ञान मानता है कि हर इंसान की बनावट और उसकी तकलीफ अलग होती है, इसलिए उसका इलाज भी अलग और विशेष होना चाहिए। भारत में अब 2 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड होम्योपैथी डॉक्टर दिन-रात लोगों की सेवा में जुटे हैं। सरकार ने भी इसे नेशनल हेल्थ मिशन का हिस्सा बनाकर इसकी ताकत को पहचाना है। यह पद्धति हमें सिखाती है कि स्वास्थ्य कोई ऐसी चीज नहीं जिसे आप दुकान से खरीद लें, यह तो एक संतुलन है जो कुदरत के करीब रहने से मिलता है। आज के महंगाई के दौर में, जब एक मामूली बीमारी भी घर का बजट बिगाड़ देती है, तब होम्योपैथी एक राहत भरी सांस की तरह लगती है। यह न केवल शरीर को ठीक करती है, बल्कि मरीज के मन से उस बीमारी का डर भी निकाल देती है। अंत में, बस इतना ही कहना काफी होगा कि आरोग्य का रास्ता हमेशा कड़वा या महंगा हो, यह जरूरी नहीं है। कभी-कभी मीठी गोलियों का छोटा सा सफर भी बड़े-बड़े रोगों को मात दे सकता है। जरूरत है तो बस थोड़े से धैर्य की और अपनी कुदरती ताकत पर विश्वास रखने की। यदि हम होम्योपैथी को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, तो हम न केवल बीमारियों से बचेंगे बल्कि एक खुशहाल और दुष्प्रभाव मुक्त जीवन जी पाएंगे।



किशोर कुमार फैन्स कल्चरल एंड वेलफेयर क्लब रज़ि द्वारा वैसाखी के अवसर पर पटियाला स्थित गेड़ी रुट मार्किट में संगीतमय शाम का आयोजन किया गया। नितिन जैन व अनुज जैन द्वारा सभी कलाकारों का सम्मान किया गया।( छाया एवं विवरण : जगप्रीत महाजन )

## उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन, एलजी तरनजीत संधू एवं मनजिंद्र सिंह सिरसा गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (अमृतपाल) भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन, दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू और दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा आज खालसा साजना दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में नतमस्तक हुए। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने उपराष्ट्रपति, उपराज्यपाल और मंत्री सिरसा को सिरोपाओ, श्री साहिब और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



इस मौके पर उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने समूची मानवता को खालसा साजना दिवस और वैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 1699 की वैसाखी को साहिब-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना करके दुनिया को एक वीर और अनुशासित कौम दी। उन्होंने कहा कि आज इस कौम के सदस्य न केवल भारत बल्कि देश-विदेश में अपनी बहादुरी, साहस और विनम्रता के साथ मानवता की सेवा के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की सीमाओं की रक्षा और मानवता की सेवा में सिख समुदाय का सबसे बड़ा योगदान है, जबकि इस कौम की जनसंख्या मात्र 2 प्रतिशत है।

इस अवसर पर उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने भी खालसा साजना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खालसा की स्थापना भले ही श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती पर गुरु साहिब ने की थी, लेकिन आज यह दिवस पूरी दुनिया में बड़े स्तर पर मनाया जाता है। इस दिन गुरुद्वारों में बड़े धार्मिक समागम होते हैं और संगत बड़ी संख्या में गुरुद्वारों में नतमस्तक होकर लंगर में सेवा करती है। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि वे इस कौम के विनम्र सेवक हैं।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी खालसा साजना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## जालंधर में अनमोल रबर फैक्टरी में भीषण आग, लाखों का नुकसान

जालंधर 14 अप्रैल (निस) थाना नंबर 1 के अधीन आते इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित अनमोल रबर फैक्टरी में रविवार देर रात भीषण आग लग गई। जानकारी के मुताबिक, आग रात करीब 2 बजे भड़की और कुछ ही समय में पूरे परिसर में फैल गई। आग लगते ही फैक्टरी में मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की तीन गाड़ियों को लगाया गया। दमकल विभाग के अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। आग काफी भयंकर थी, इसलिए फोम का इस्तेमाल करना पड़ा और करीब सुबह 3.30 बजे आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया गया। काफी नुकसान हो गया।

## वृंदावन हादसा : यमुना से मिला एक और शव, सदमे में परिवार

लुधियाना 14 अप्रैल (निस) यमुना नदी में हुए दर्दनाक हादसे के बाद अब तक कई शव मिल चुके हैं और लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में एक और दर्दनाक खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि यमुना से अब 15वां शव मिला है जो कि 24 वर्षीय मोनिका का है। मिली जानकारी के अनुसार मोनिका जिला अंबाला के नारायणगढ़ तहसील के गांव खानपुर राजपूताना की रहने वाली थी।

मृतका के भाई ने बताया कि सुबह के समय मोनिका का शव बरामद हुआ, जिसके बाद परिवार को सूचना दी गई।

बताया जा रहा है कि मोनिका की शादी करीब 6 महीने पहले लुधियाना के दुगरी फेज-2 में हुई थी। शादी के बाद सब कुछ सामान्य चल रहा था, लेकिन इस हादसे ने दोनों परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। प्रशासन द्वारा पोस्टमार्टम करवाने के बाद अब पार्थिव शरीर को हरियाणा स्थित उसके पैतृक गांव ले जाया जा रहा है, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## भगवंत सिंह मान सरकार द्वारा किसानों एवं जमीन मालिकों के लिए राहत की घोषणा, भूख हड़ताल भी खत्म करवाई

साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर, 14 अप्रैल (निस) प्रदेश के मकान निर्माण और शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां तथा मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह ने मोहाली के एयरोत्रोपोलिस प्रोजेक्ट में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों/जमीन मालिकों द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर पिछले कई दिनों से गमाडा कार्यालय मोहाली के बाहर जारी भूख हड़ताल को आज किसान नेताओं को जूस पिलाकर और उनकी रखी गई मांगों को भगवंत सिंह मान सरकार द्वारा मानने की घोषणा करके समाप्त करवाया। इस अवसर पर गमाडा की मुख्य प्रशासक श्रीमती साक्षी साहनी और भूमि अधिग्रहण अधिकारी रोहित जिंदल भी उपस्थित थे। मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने इस अवसर पर कहा कि पंजाब की भगवंत सिंह मान सरकार हमेशा किसानों और जमीन मालिकों के हितों को प्राथमिकता देती है। प्रदेश में किसानों से जुड़ा कोई भी निर्णय उनकी सहमति के बिना नहीं लिया जाता। उन्होंने कहा कि मोहाली में भी एयरोत्रोपोलिस प्रोजेक्ट के ई, एफ, जी, एच, आई, जे ब्लॉकों के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य भी किसानों की सहमति से ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा अपने चार वर्षों के कार्यकाल के दौरान हर वर्ग से किए गए वादों और गारंटियों को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि कल ही विधानसभा में पारित किए गए 'जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) बिल 2026' के माध्यम से बेअदबी की घटनाओं में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर सजा का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है, जो भगवंत सिंह मान सरकार की श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना, 600 यूनिट तक जीरो बिजली बिल, आम आदमी क्लीनिक, शिक्षा सुधार और अन्य मिसाल योग्य विकास कार्य सरकार की जनता के प्रति जवाबदेही और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।



मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह द्वारा प्रभावित किसानों और जमीन मालिकों की समस्याओं को मुख्यमंत्री पंजाब श्री भगवंत सिंह मान के ध्यान में लाए जाने पर उन्होंने तुरंत संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनकी मांगें स्वीकार करने के निर्देश दिए, जिससे उनकी सभी मांगें मानने का रास्ता साफ हुआ। उन्होंने धरना समाप्त करवाने से पहले स्वीकृत मांगों के संबंध में किसानों को बाकायदा लिखित पत्र पढ़कर सुनाया और सौंपा। स्वीकृत मांगों में सुविधा प्रमाणपत्र, जिसे पंजाब राज्य के विभिन्न विभागों और जिलों में लाभ प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत करना पड़ता है, की अवधि मौजूदा 2 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष करने की घोषणा की

## शराब के लिए पैसे न मिलने पर पति ने पत्नी पर बरपाया कहर, दरिंदगी की हदें की पार

मोगा 14 अप्रैल (निस) स्थानीय कच्चा दोसांझ रोड पर घरेलू हिंसा का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक पति ने शराब के लिए पैसे न मिलने पर अपनी पत्नी पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान मिन्नी चाहल के रूप में हुई है, जो दो बेटियों की मां है। उसे 108 एंबुलेंस की मदद से मोगा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल प्रशासन ने प्राथमिक इलाज के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दे दी है। मिनी चाहल ने बताया कि उसका पति अक्सर शराब पीता है और उससे पैसे मांगता रहता है। इसी वजह से घर में काफी समय से झगड़ा चल रहा था। गत शाम जब वह दूध लेकर घर पहुंची तो उसका पति उसे गालियां देने लगा और शराब के लिए पैसे मांगने लगा। जब उसने पैसे देने से मना किया तो पति ने लोहे की रॉड से उस पर कई वार किए। इस हमले में महिला की टांगर दो जगह से टूट गया, जबकि दूसरे पैर और हाथ में भी गंभीर चोटें आईं। किसी तरह खुद को बचाते हुए उसने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। सिविल अस्पताल के इमरजेंसी स्टाफ ने घायल महिला का प्राथमिक इलाज करने के बाद पुलिस को सूचित किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## पंजाब में मावां धीयां सतकार योजना...

**पृष्ठ एक का शेष** ... पर बात करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, मैं जानता हूं कि मेरी कई अनुसूचित जातियों की बहनों और माताओं के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है, लेकिन उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है और उन्हें अपने जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर इसमें समय लग रहा है तो भी चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे प्रमाण पत्र के बिना भी इस योजना के तहत पंजीकरण कर सकते हैं और 1000 रुपये मासिक प्राप्त करना शुरू कर सकते हैं। जब भी उनका प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा, राज्य सरकार उन्हें जुलाई से 500 रुपये प्रति माह के बकाए का भुगतान करेगी। इस संबंध में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर एक पहुंच विधि की घोषणा की। उन्होंने कहा, 18 साल से अधिक उम्र की सभी महिलाओं की 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने और पंजीकरण प्रक्रिया में उनकी मदद करने के लिए पंजाब सरकार द्वारा राज्य भर के हर गांव और वार्ड में महिला सतिकार सखियों को तैनात किया जाएगा।महिला सतिकार सखियों की भूमिका के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, महिला सतिकार सखियां लाभार्थियों के घर जाएंगी और उन्हें योजना के लाभों के बारे में बताएंगी, उनके सभी संदेह दूर करेंगी और पंजीकरण फॉर्म देंगी। वे लाभार्थियों को पूरी पंजीकरण प्रक्रिया के साथ-साथ आवश्यक दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी देंगी और उनके सभी सवालों और समस्याओं का समाधान करेंगी।उन्होंने आगे कहा, अगर लाभार्थी के पास वोटर आईडी या बैंक खाते जैसा कोई दस्तावेज नहीं है, तो ये सखियां उन्हें ये दस्तावेज बनाने में मदद करेंगी। महिला सतिकार सखी उनका हर कदम पर मार्गदर्शन करेगी।पहुंच में आसानी के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, एक बार जब वे अपना पंजीकरण फॉर्म भर लेते हैं और सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार हो जाते हैं।

## होर्मुज में फिर तनाव..

**पृष्ठ एक का शेष** ...प्रभावित करता है, जहां से लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक तेल आपूर्ति होती है। इस कारण न केवल तेल की कीमतों में तेज उछाल का खतरा है, बल्कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था पर भी गंभीर असर पड़ सकता है।

इस बार की स्थिति पिछले खाड़ी युद्धों से अलग है, क्योंकि अमेरिका को व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन नहीं मिल रहा। नाटो के कई प्रमुख देश जैसे स्पेन, जर्मनी और इटली सैन्य कार्रवाई से दूरी बना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी इस कदम को मंजूरी नहीं मिली, क्योंकि रूस और चीन ने वीटो किया। केवल इजराइल और यूएई ही अमेरिका के साथ खड़े नजार आ रहे हैं। इससे अमेरिका पर आर्थिक और सैन्य दबाव बढ़ गया है।

जहां चीन और रूस संकट को अमेरिका के प्रभाव को कमजोर करने के मौके के रूप में देख रहे हैं। चीन, जो मध्य पूर्व से भारी मात्रा में तेल आयात करता है, अपने हितों की रक्षा के लिए सैन्य तैनाती का संकेत दे चुका है। वहीं रूस यूरोप में अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। दोनों देश उर्वरक आपूर्ति को नियंत्रित कर वैश्विक दबाव बना सकते हैं, जिससे भारत और ब्राजील जैसे देशों के सामने खाद्य सुरक्षा की चुनौती खड़ी हो सकती है। आर्थिक प्रभाव केवल तेल तक सीमित नहीं रहेगा। तेल की कीमतें 130-150 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं। उर्वरक की कीमतों में भारी वृद्धि से कृषि प्रभावित होगी, इससे खाद्य संकट की आशंका है। शिपिंग बीमा महंगा होने से वैश्विक सप्लाई चेन बाधित हो सकती है, और बैंकिंग सिस्टम में भी तरलता संकट पैदा हो सकता है।

# संक्षिप्त समाचार

## ट्रैफिक पुलिस ने 1000 रुपए वसूली के आरोपों को बताया बेबुनियाद

लुधियाना 14 अप्रैल (निस) एनएच-44 पर वायरल वीडियो के बाद सामने आए चालान विवाद पर ट्रैफिक पुलिस ने अपना पक्ष स्पष्ट किया है। नाके पर तैनात इंचार्ज नीलकंठ ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ओवरस्पीडिंग का चालान निर्धारित रूप से 1000 रुपए का ही होता है और 3000 रुपए मांगने का सवाल ही नहीं उठता। मास्क पहनने को लेकर उठे सवाल-उन्होंने कहा कि महिला द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं। उनके अनुसार, यदि मौके पर किसी तरह की अवैध वसूली की जाती, तो उसी समय इसका स्पष्ट वीडियो सामने आ सकता था। मास्क पहनने को लेकर उठे सवालों पर नीलकंठ ने बताया कि उनके मुंह में छाले थे और मेडिकल कारणों के चलते उन्होंने मास्क लगाया हुआ था। इसके अलावा प्रदूषण के कारण सांस लेने में दिक्कत होने की वजह से भी मास्क पहनना जरूरी था।

## फिरोजपुर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, खेत से 6 किलो से अधिक हेरोइन और ड्रोन बरामद

फिरोजपुर 14 अप्रैल (निस) जिला पुलिस प्रमुख भूपिंदर सिंह के निर्देशों पर फिरोजपुर पुलिस ने नशे का धंधा करने वालों के खिलाफ मुहिम शुरू की हुई है। इस मुहिम को तब बड़ी सफलता मिली जब एक किसान के खेत से हेरोइन के पैकेट और एक ड्रोन बरामद हुआ। जब पुलिस ने पैकेटों को चैक किया तो उसमें से 6 किलो 930 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। थाना मल्लांवाला पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जिला पुलिस प्रमुख भुपिंदर सिंह ने बताया कि सहायक थानेदार दर्शन सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी गश्त करती हुई गांव कोहाला पहुंची तो नंबरदार गुरजंट सिंह पुत्र ठाणा सिंह निवासी कोहाला ने बताया कि उसके खेतों में ड्रोन जैसी चीज गिरी हुई है। जांच अधिकारी दर्शन सिंह ने बताया कि उनकी पुलिस पार्टी उक्त स्थान पर पहुंची और खेत से एक ड्रोन सीई रोच मेड इन चाइना 26-02-001 नंबर 000003 जिसमें 6 पंखे लगे थे सहित हेरोइन बरामद की। पुलिस ने बताया कि जब पैकेटों की चैकिंग की गई तो उसमें से 6 किलो 930 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस इस बात का पता लगा रही हैं कि हेरोइन की सप्लाई किसने मंगवाई थी ताकि नशे के नेटवर्क को तोड़ा जा सके।

## पंजाब में सियासी हलचल तेज, जीरकपुर से बड़ा नेता कांग्रेस में शामिल

डेराबस्सी 14 अप्रैल (निस) पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। डेराबस्सी में अकाली दल को झटका देते हुए हरदीप सिंह गाजीपुर अपने समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल हो गए। वहीं अमृतसर में आम आदमी पार्टी को भी नुकसान हुआ, जहां करीब दो दर्जन परिवार अकाली दल में शामिल हो गए। इनमें कई प्रमुख लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। चुनाव से पहले जारी इस दल-बदल ने पंजाब की राजनीति को फिर गरमा दिया है।

## महिला के बाहर जाते ही घर में घुसा चोर, 30 मिनट में घटना को अंजाम देकर फरार

गुरदासपुर 14 अप्रैल (निस) जिले में बेखौफ चोर ने महज आधे घंटे में बड़ी घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि महिला आधे घंटे के लिए घर बंद कर सब्जी लेने गई थी। जब वह वापस लौटी तो घर का दरवाजा खुला हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। इस दौरान चोर ताला तोड़कर घर से 10,000 रुपये नकदी, स्ध्वष्ठ और मिक्सर चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं, चोर चूल्हे के पीतल के बर्नर भी ले गए।

इन्द्रप्रीत कौर दर्दी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक भारत देश हमारा ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्रा. लिमि. पटियाला के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब, सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह से छपवाकर कार्यालय भारत देश हमारा गुरू हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल बिल्डिंग, पुरानी प्रेस रोड, पटियाला से प्रकाशित किया।
PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985

## जैन आदर्श विद्यालय में बैसाखी पर्व की धूम सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहा

फाजिल्का, 14 अप्रैल (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह) = फाजिल्का के जी ए वी जैन आदर्श विद्यालय में बैसाखी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल नरेश सपड़ा ने की। बैसाखी के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में न केवल पंजाबी संस्कृति की झलक देखने को मिली, बल्कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।



जानकारी देते हुए वाइस प्रिंसिपल शीनम धूडिया ने बताया कि इस रंगारंग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी डीईओ अंजू, ड्रीम्स प्ले वे स्कूल की संचालिका हरविंदर कौर और प्रसिद्ध व्यवसायी सौरव कामरा ने विशेष रूप से शिरकत की। विद्यालय पहुंचने पर प्रिंसिपल नरेश सपड़ा और समूह स्टाफ की ओर से मुख्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें सम्मान के प्रतीक के रूप में फूलों के बुक्के भेंट किए गए।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बैसाखी के महत्व पर प्रकाश डाला और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। छोटे बच्चों ने पंजाबी पहनावे में सजकर गिद्दा और भंगड़ा पेश किया, जिससे पूरा माहौल उत्सव जैसा हो गया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में बैसाखी के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के बारे में बच्चों को जानकारी दी। यह पर्व न केवल फसल कटाई की खुशी का प्रतीक है, बल्कि इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना भी हुई थी। विद्यालय के अनुशासन और बच्चों की प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की । उन्होंने अपनी बेहतरीन शब्दावली और उत्साह के साथ पूरे कार्यक्रम की गरिमा को बनाए रखा। समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधन और प्रिंसिपल द्वारा आए हुए मुख्य अतिथियों को उनकी विशिष्ट सेवाओं और गरिमामयी उपस्थिति के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

## कॉम्फी इंटरनेशनल कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने हेरिटेज फेस्टीवल में सांस्कृतिक प्रस्तुति से समां बांधा

फाजिल्का, 14 अप्रैल (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह)= मदन गोपाल रोड, फाजिल्का में स्थित कॉम्फी इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने हेरिटेज फेस्टिवल 2026 में बड़ी खुशी और उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यालय की छठी, सातवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने %महक सरहद दी% का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी संस्कृति पर आधारित पारंपरिक गीतों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।



विद्यार्थी हेरिटेज फेस्टिवल के दौरान लोकप्रिय पंजाबी लोक गीतों **हुस्न, जवानी ते मापे**, **रब्बा मेरा सोहणा देश पंजाब होवे**, **आई वैसाखी सोहणिया** और **मारदा दमामे जट्ट मेले आ गया** की धुनों पर जमकर झूमे। इन गीतों के माध्यम से बच्चों ने पंजाब की मिट्टी की महक और त्योहारों की खुशी को बखूबी मंच पर उतारा।यह केवल एक नृत्य प्रदर्शन नहीं था, बल्कि बच्चों ने अपनी जड़ों, गौरव और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े इन गीतों पर थिरक कर अपनी विरासत को गर्व के साथ आगे बढ़ाया। विद्यार्थियों ने जीवन के विभिन्न रंगों और बैसाखी के पर्व की खुशी को नृत्य के माध्यम से जीवंत किया।स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता गुंबर और चेयरमैन गौरव झींझा ने बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच बच्चों को अपनी विरासत से जोड़ने का काम करते हैं। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के आत्मविश्वास और उनकी सांस्कृतिक प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बठिंडा में कई तरह की पाबंदियां लागू, होलसेलर एवं रिटेलर के लिए कई तरह के नियम जारी

बठिंडा 14 अप्रैल (निस) जिला मजिस्ट्रेट बठिंडा श्री राजेश धीमान ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बठिंडा जिले की सीमा के अंदर ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रांसपोर्ट के दूसरे साधन जिनसे बरेती/मिट्टी आदि की ट्राली को बिना ढके इधर उधर ले जाने पर पूर्ण रोक लगाई जाती है। जारी आदेश के अनुसार बठिंडा जिले की सीमा के भीतर नायलॉन, प्लास्टिक या सिंथेटिक सामग्री से बने पतंग उड़ाने वाले धागे (चाइना डोर) के निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद, आपूर्ति, आयात और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक और आदेश में बठिंडा जिले में कैप्सूल और टैबलेट (75 मिलीग्राम से अधिक के फॉर्मूलेशन) की स्टॉकिंग और बिक्री पर रोक लगा दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश दिया है कि कोई भी होलसेलर, रिटेलर, केमिस्ट/मेडिकल स्टोर का मालिक, हॉस्पिटल में फार्मेसी या कोई भी दूसरा व्यक्ति ओरिजिनल प्रिस्क्रिप्शन स्लिप के बिना प्रीगाबालिन 75 मिलीग्राम नहीं बेचेंगे। सेलर्स को खरीद और बिक्री का सही रिकॉर्ड रखना होगा। उन्हें ओरिजिनल प्रिस्क्रिप्शन स्लिप और केमिस्ट/रिटेलर का नाम, बिक्री की तारीख, बेची गई टैबलेट की संख्या लगानी होगी। सारी बिक्री सिर्फ प्रिस्क्रिप्शन स्लिप के आधार पर ही की जाएगी।

बठिंडा सिविल अस्पताल में चल रहे जिला रेड क्रॉस सोसायटी के मेडिकल स्टोर की बिक्री में ढील दी गई है। रेड क्रॉस सचिव यह पक्का करेंगे कि सभी फॉर्मूलेशन की प्रीगैबलिन की खरीद/बिक्री का सही रिकॉर्ड रखा जाए और इस ऑर्डर के बाकी नियमों का पालन किया जाए। इस आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 223 के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।


